प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.06.2025 / 09.20बजे

मौसम

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है और राजधानी शिमला सहित अधिकांश क्षेत्रों में भारी वर्षा हो रही है। इस वर्षा से अनेक स्थानों पर भूस्खलन, पेड़ गिरने और सड़कें अवरूद्ध होने की घटनाएं हुई हैं। मौसम विभाग ने आज चार जिलों कांगड़ा, सोलन, सिरमौर और मंडी में भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए कांगड़ा, मंडी और सिरमौर के उपायुक्तों ने स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने का फैसला लिया है। वहीं खराब मौसम को देखते हुए कुल्लू जिला के मनाली व बंजार उपमंडल में भी एसडीएम ने आज शिक्षण संस्थान बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं। राज्य सरकार स्थिति पर लगातार निगरानी रख रही है और लोगों से स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान भी व्यापक वर्षा की संभावना जताई है।

डिस्पेच

वार्षिक सम्मेलन

धर्मशाला के तपोवन में पहली बार राष्ट्रमंडल संसदीय संघ–सीपीए संघ के जोन–दो का वार्षिक सम्मेलन आज से आयोजित हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू उदघाटन अवसर पर मौजूद रहेंगे। इस जोन में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इन सभी राज्यों के संयोजक हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन समय में लोकतांत्रिक संस्थानों को सशक्त बनाना, श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों को साझा करना और शासन तथा विधायी कार्य के लिए नवाचारी तरीको को तलाशने संबंधी एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में सेवा प्रदान करना है। सम्मेलन का विषय–डिजिटल युग में सुशासनः संसाधनों का प्रबंधन, लोकतंत्र की रक्षा और नवाचार को अपनाना है। सीपीए संघ एक वैश्विक संगठन है, जो संसदीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए सांसदों को एक मंत्र उपलब्ध कराता है। विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि इस सम्मेलन में कुल 178 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव के लिए आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीपकमल में नामांकन पत्र भरे जाएंगे। पार्टी के चुनाव अधिकारी राजीव भारद्वाज ने बताया कि दोपहर बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और इच्छुक उम्मीदवार अपने नाम वापिस ले सकेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय प्रभारी सौदान सिंह भी शिमला पहुंच चुके हैं। राजीव भारद्वाज ने कहा कि पहली जुलाई को केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह शिमला में प्रदेश अध्यक्ष और 8 राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की आधिकारिक घोषणा करेंगे।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच वर्षों के अंतराल के बाद आज से शुरू हो रही है। कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 में इस यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। इस वर्ष यह यात्रा सिक्किम में नाथुला पास और उत्तराखंड में लिपुलेख पास के मार्ग से आयोजित की जायेगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा जून, जुलाई और अगस्त महीने में जारी रहेगी। कैलाश पर्वत भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है।

आकाशवाणी

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **सोलन, सिरमौर, कांगड़ा व मंडी में रेड अलर्ट, स्कूल बंद। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **4 जिलों में आज भारी बारिश का रैड अलर्ट, सिरमौर, कांगड़ा व मंडी में शिक्षण संस्थान बंद। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **शिमला–चंडीगढ़ एन एच पर भू–स्खलन से 2 घंटे लगा रहा जाम, रेलवे ट्रैक पर मलबा आने से 3 घंटे रूकी रही ट्रेन।**

दैनिक जागरण ने प्रदेश उच्च न्यायालय के हवाले से लिखा है **निजी शिक्षण संस्थानों का मुआवजा दिए बिना अधिग्रहण नहीं कर सकती सरकार।**

हिमाचल दस्तक ने बकौल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लिखा है **नशे के खिलाफ होगा व्यापक अभियान।**

आपका फैसला ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के बयान को शीर्षक दिया है **लाहौल स्पीति के विकास को केंद्र से 200 करोड़ रूपए मंजूर।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे।